Pradhan, Shri Dhan Shah
Rao, Shri M. Satyanarayan
Saha, Shri Ajit Kumar
Saksena, Prof. S. L.
Shastri, Shri Ramavatar
Singh, Shri D. N.
Sivasamy, Shri M. S.
Solanki, Shri Somchand

MR. DEPUTY-SPEAKER : The result* of the division is :

Ayes : 89 ; Noes : 26.

*The motion was adopted.*

---

**14.49 hrs.**

## STATUTORY RESOLUTION RE : TAX ON POSTAL ARTICLES ORDINANCE AND TAX OF POSTAL ARTICLES BILL

**डा० लक्ष्मीनारायण पाण्डेय** (मंदसौर) : माननीय उपाध्यक्ष महोदय, मैं प्रस्ताव करता हूं कि यह सभा राष्ट्रपति द्वारा 22 अक्तूबर, 1971 को प्रख्यापित डाक वस्तुओं पर कर अध्यादेश, 1971 (1971 का अध्यादेश सं० 18) का निरनुमोदन करती है।

माननीय उपाध्यक्ष महोदय, जैसा कि वक्तव्य में माननीय मंत्री महोदय ने बताया कि बंगला देश के शरणार्थियों के लिये कुछ अतिरिक्त साधन, अतिरिक्त पैसा जुटाने के लिए सरकार ने उक्त अध्यादेश जारी किया तथा उसके स्थान पर बिल भी यहां प्रस्तुत किया गया है। सरकार ने जिस तरह से रेल-भाड़े में वृद्धि की है उसी तरह से डाक-तार की दरों में वृद्धि की जा रही है, स्टैम्प-ड्यूटी में वृद्धि की बात भी है। मैं निवेदन करना चाहता हूं कि बंगला देश की समस्या सारे देश की अपनी समस्या है और इस समस्या के प्रति सारे देश को सहानुभूति है। कोई भी यह नहीं चाहता कि समस्या का हल न हो। सारा देश यह मानता है कि सरकार का इस समस्या के समाधान में जितना भी हाथ बटाया जा सकता है, बटाना चाहिए। मैं पिछली घटनाओं को दोहराना नहीं चाहता, चाहे पाकिस्तान ने हमारे ऊपर आक्रमण किया हो या चीन ने हमारे ऊपर आक्रमण किया हो, देश की जनता ने सरकार के हाथों में कपड़ा, पैसा, चांदी, सोना सब कुछ दिया, सरकार ने चाहे उसका सदुपयोग किया हो या दुरुपयोग किया हो, लेकिन देश की जनता अपने योगदान में पीछे नहीं रही। किन्तु जिस ढंग से ये कर लगाने की बात की गई है, अध्यादेश के द्वारा जिस ढंग से ये कर लगाये गए हैं, उसका हम विरोध करते हैं।

माननीय उपाध्यक्ष महोदय, आप जानते हैं, 15 नवम्बर, से यह सदन प्रारम्भ होने वाला था। 22 अक्तूबर, को यह अध्यादेश निकाला गया, सरकार कुछ दिन प्रतीक्षा कर सकती थी। हमारा इस बारे में मतभेद नहीं है कि सरकार समस्या के समाधान के लिए आवश्यक धनराशि संग्रह न करे, लेकिन कुछ दिन प्रतीक्षा करने की बात भी सरकार सहन नहीं कर सकी, और 15 नवम्बर तक भी सरकार इस सिलसिले में अतिरिक्त डाक टिकटों का आवश्यक प्रबन्ध नहीं कर सकी। सारा सदन इस बात को जानता है कि 15 नवम्बर के बाद भी डाक घरों में जिन अतिरिक्त डाक-टिकटों का प्रबन्ध किया जाना था, वह नहीं हो सका, सरकार उस प्रबन्ध में भी असफल रही।

माननीय उपाध्यक्ष महोदय, सरकार ने इस के द्वारा एक बात कही है कि ये टैक्स अस्थायी है, स्थायी नहीं है। सरकार कई बातों में अस्थायी और स्थायी में भेद नहीं कर पाती। आज हमारी सरकार के कई विभाग वर्षों से अस्थायी चले आ रहे हैं, 10-15 वर्ष नौकरी के बाद सरकारी कर्मचारी, कभी कभी तो 20 वर्ष की नौकरी के बाद भी सरकारी कर्मचारी अस्थायी ही रहता है। हमारे संविधान की धारा 370 भी अस्थायी है, सरकार किस को

*The following Members also recorded their votes ;
Ayes : Shri S. N. Misra.
Noes : Sarvashri Shri Shankar Prasad Yadav and T. S. Lakshmanan.

स्थायी और किसको अस्थायी मानती है, इस बात को समझने का प्रयत्न भी नही कर सकती है। शुरू शुरू मे बगला देश की समस्या को भी अस्थायी माना गया था, कहा गया था कि 6 महीने मे सब लोग चले जायेगे, हमे बहुत थोडे पैसे की आवश्यकता है, इस समय केवल 10 लाख लोग आये है, लेकिन जब 10 लाख आ गए तो कहा गया कि हमे अतिरिक्त साधन व धन जुटाना पडेगा। सरकार का कहना है कि पोस्टल आर्टिकल टेक्स द्वारा इस वर्ष के अन्दर हम 3.75 करोड रुपया टैक्सो के द्वारा प्राप्त करेंगे, लेकिन अब इसके जरिये आगामी वर्ष के लिए जो कल्पना की गई है, वह 0 करोड की है अर्थात सरकार डेढ वर्ष तक तो समस्या को स्थाई ही समझती है, इस अर्थ मे बगला देश के शरणार्थियो की समस्या हल होने वाली नही है इस तरह जिसको आप अस्थायी समझते है उसको स्वय स्थाई मानते जा रहे है।

यदि आप इसको स्थायी समस्या मानते तो शायद आगे की कल्पना करके यह बात नही कहते। यह समस्या अस्थायी है और कुछ समय के लिए इन करो को आप लगाना चाहते है लेकिन आपने आगे की बात कह कर अपने तौर पर यह बात सिद्ध कर दी है कि आप इस समस्या को आगे भी जारी रखना चाहते है। फिर एक करोड़ शरणार्थियो की समस्या कोई साधारण समस्या नही है एक बहुत बडी समस्या है। इस समस्या के समाधान के लिए सरकार ने केवल 70 करोड़ के टैक्सो की बात कही है विभिन्न उपायो के द्वारा। इन टैक्सो मे पोस्टल आर्टिकिल्स पर लगने वाला टैक्स भी है चाहे वह अतर्देशीय पत्र हो, लिफाफा हो या दूसरी पोस्टल वस्तुयें हो। यहा पर सचार मत्री बैठे हुए है, मैं बताना चाहता हूं कि इन टैक्सो का एक असर यह होने वाला है कि अन्तर्देशीय पत्र कम लिखे जायेगे, लिफाफे कम लिखे जायेगे और सारे का सारा बोझ पोस्टकार्ड पर ही पड़ने वाला है मत्री महोदय इस बात को सम्भवत: स्वीकार करेंगे।

पिछले आंकडे जहां तक मुझे मालूम है और जो मुझे प्राप्त हुए है सचार मत्री इसका खंडन करना चाहें तो कर सकते है जहा तक पोस्ट कार्ड का सम्बन्ध है, सरकार का सचार विभाग इस बारे मे घाटे मे चल रहा है। एक पोस्ट कार्ड पर सरकार की जितनी लागत आती है उतने में वह बेचा नही जाता है इसलिए उस पर घाटा जाता है। आज की स्थिति म अन्तर्देशीय तथा दूसरे पत्रो का भार भी पोस्ट कार्ड पर ही पडने वाला है परन्तु उस घाट को यहां पर दर्शाया नही गया है। यह तो बताया गया है कि लगभग चार करोड की आमदनी होगी लेकिन पोस्ट कार्ड पर पडने वाला अतिरिक्त भार और घाटा कितना होगा उसको नही दिखलाया गया है। यदि उस घाटे को भी इसमे सम्मिलित किया गया होता तो मै समझता हू उचित होता और वस्तुस्थिति सामने आता।

उपाध्यक्ष महोदय, मै आपका ध्यान धारा 4 की ओर दिलाना चाहता हू। इसमे कम करने और छूट देने की शक्ति बताई गई है। कहा गया है

> "जहा केन्द्रीय सरकार की राय हो कि ऐसा करना लोकहित म समीचीन या आवश्यक है वहा, शासकीय राजपत्र मे अधिसूचना द्वारा वह भविष्यलक्षी या भूतलक्षी रूप म ऐसी डाक वस्तु या डाक वस्तुओ के वर्ग की बाबत, जो अधिसूचना मे विनिर्दिष्ट की जाये, इस अधिनियम के अधीन देय कर को ऐसी शर्तों पर, यदि कोई हो, जो वह अधिसूचना में विनिर्दिष्ट करे, कम कर सकेगी या उससे छूट दे सकेगी।"

उपाध्यक्ष महोदय, मेरी समझ म नही आता सरकार किस प्रकार भूतलक्षी प्रभाव उपयोग मे लायेगी ? आज हमसे पाच पैसा प्रति आर्टिकल इकट्ठा किया जाता है और फिर यदि आप पाच पाँच पैसे का भूतलक्षी प्रभाव देना भी चाहे तो वह किस किस की जेब मे जाने वाला है ? सरकार उसको कैसे लौटाने वाली है ? सरकार उसको लौटा नही सकती

[डा० लक्ष्मी नारायण पाडेय]

है। इसलिए भूतलक्षी प्रभाव को इसमे रखने का कोई अर्थ सिद्ध नही होता है। मान लीजिये आप अधिनियम के अन्तर्गत अधिसूचना के द्वारा आप विज्ञापित कर दे कि हम इसको कम करना चाहते है परन्तु यदि आप उसको भूतलक्षी प्रभाव देना भी चाहे तो उस व्यावहारिक रूप मे दे नही सकते है। इसलिए मै समझता हूं इस धारा मे यह दोषपूर्ण स्थिति है। इसके द्वारा आप केवल जनता को गुमराह करना चाहते है कि हम कम भी कर देंगे और छूट भी दे देंगे। इसलिए इस मे जो भूतलक्षी प्रभाव देने की बात कही गई है मै समझता हू मत्री महोदय उस की तरफ ध्यान देंगे तो बहुत अच्छा होगा। इसमे आपने भूतलक्षी प्रभाव की बात कहकर केवल जनता को विभ्रम मे डालने का प्रयत्न किया है।

इसके अतिरिक्त एक बात और मेरी समझ मे नही आई जिसके सम्बन्ध मे मैने अपना सशोधन भी दिया है और वह यह है कि पहली धारा मे जम्मू और कश्मीर को इसमे से निकाल दिया गया है। जम्मू कश्मीर को क्यो छोडा गया है यह बात मेरी समझ मे नही आई। हो सकता है कि हमसे कोई पृथक भाव रखते हो और पत्रो द्वारा कुछ ऐसा देखने मे आया भी है लेकिन इस बारे मे हम यह मानकर चलना चाहिए कि यह सम्पूर्ण भारत वर्ष की समस्या है, वह सकट सारे देश का सकट है, जम्मू काश्मीर इससे अलग नही हो सकता है। लेकिन इसमे लिखा हुआ है कि इसका विस्तार "जम्मू कश्मीर के सिवाय सम्पूर्ण भारत पर होगा"। सम्पूर्ण भारत के जो निवासी है उनमे जम्मू काश्मीर के निवासी भी शामिल हैं। लेकिन हम उनको निकाल करके बगला देश की समस्या का समाधान करना चाहते हैं। मैं समझता हू सरकार की जो दोषपूर्ण नीतिया है उनकी तरफ वह कभी ध्यान नही देती है सरकार ने पहले इसके लिए जो अनुमानित व्यय की कल्पना की थी उसमे दो सौ करोड खर्च होने की बात कही थी, फिर साढे चार सौ करोड खर्च करने की बात कही गई और अब अनुमान है कि 600 करोड से अधिक का खर्चा आयेगा। यह समस्या इस नीति के कारण है जो वर्तमान सरकार अपना रही है और इसमे वह सफल नही होने वाली है। यह समस्या अस्थाई नही, स्थायी बनती जा रही है। सरकार को जो राशि बाहर से प्राप्त होने वाली है वह बहुत थोडी है और उससे कोई काम चलने वाला नही है। देश पर आई हुई इस सकट की घडी मे जबकि पाकिस्तान के द्वारा एक आक्रमण की स्थिति हमारे ऊपर बनी हुई है उसमे सरकार के साथ हमारी पूरी सहानुभूति है लेकिन सरकार ने जिस प्रकार का रुख अपना रखा है वह निन्दनीय है। अध्यादेशो के द्वारा जहा तक कर वसूल करने की बात है, मै उन बातो को दोहराना नही चाहता जोकि मैने विधेयक के पुरःस्थापित होते समय कही थी। लोकसभा के भूतपूर्व अध्यक्ष श्री मावलकर जी और पं० जवाहरलाल नेहरू के बीच मे जो पत्र-व्यवहार हुआ था उसको भी मै यहा पर दोहराना नही चाहता। मैं समझता हूं अध्यादेशो की इस प्रकार से झडी लगाना कदापि उचित नही ठहराया जा सकता। ऐसे अनावश्यक अध्यादेश जिनकी कोई इमरजेन्सी न हो जारी नही किए जाने चाहिए। विशेष रूप से वित्तीय मामले को लेकर कर लगाने के लिए तो अध्यादेश आने ही नही चाहिए। सरकार ने यहा पर जो करो का बोझ जनता के ऊपर डाला है जोकि कम से कम अध्यादेशो के द्वारा नही डाला जाना चाहिए था।

एक बात और कहकर समाप्त करूगा। सरकार ने रेल भाडा बढाया है। मै उस सबध मे कुछ दोहराना चाहता हूं लेकिन यह कहना चाहता हू कि यदि कोई समाचार भेजना चाहे तो वह भी महगा, यदि कोई समाचार पढना

चाहे तो भी मंहगा। इसमें समाचार पत्रों को भी नहीं छोड़ा गया है। वे भी अब कीमत बढाने लगे हैं। यह तो अपनी अपनी रुचि का विषय है कि कोई हिन्दुस्तान टाइम्स पढ़ता है, कोई नवभारत टाइम्स पढ़ता है तो कोई टाइम्स आफ इंडिया पढ सकता है। कोई दूसरे पत्र, लेकिन आपके टैक्स के कारण वे भी महगे हो गये। ऐसी दशा मे समाचार पढना, समाचार भेजना और रेलो पर आना जाना निरन्तर मंहगा होता जा रहा है। जनता पर यह टैक्सों का बोझ अध्यादेशो के द्वारा लाया गया है और अब बहमत के आधार पर उसकी स्वीकृति प्राप्त करने की चेष्टा की जा रही है। सरकार की यह मनोवृत्ति ठीक नही है। इस लिए मै अध्यादेश का विरोध करता हू और सरकार से आग्रह करता हू कि अध्यादेश के स्थान पर वह जो यह विधेयक लाई है उसको वापिस ले ले। अध्यादेश द्वारा टैक्स लगाने की यह जो प्रवृत्ति केन्द्रीय सरकार ने अपनाई है वह केवल केन्द्र तक ही सीमित नही है बल्कि राज्य सरकारे भी अब निरन्तर अध्यादेशो के द्वारा टैक्स लगा रही है। अनेक राज्यों ने जैसे मध्य प्रदेश ने अध्यादेश के द्वारा टैक्स लगाने की बात है। दूसरे राज्यो ने भी ऐसा ही किया है। केन्द्रीय सरकार तथा राज्य सरकारो द्वारा इस प्रकार आम जनता की दैनिक वस्तुओं पर जो कर लगाये गए है उससे निम्न तथा मध्यम वर्ग भयंकर रूप से प्रभावित हुआ है। मैं समझता हूं आज के सकट के समय में इस प्रकार की सरकार की मनोवृत्ति ठीक नही है। सरकार को चाहिये कि अध्यादेश के साथ ही यहा पर उसने जो विधेयक पेश किया है उसको भी वापिस ले।

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF FINANCE (SHRI K. R. GANESH) : Sir, I beg to move* :

"That the Bill to provide for the levy of a tax on certain postal articles, be taken into consideration."

As the hon Members are aware, after discussing the matters with the Governors and Chief Ministers of States, at a meeting held on the 12th October, 1971 certain steps were taken to raise additional resources for being utilised for the relief of Bangla Desh refugees. One such step was the promulgation of the Tax on Postal Articles Ordinance, 1971 (18 of 1971) to provide for levy of a tax at the rate of five paise on all postal articles including money orders, phonograms and telegrams but not including post cards and registered newspapers.

The levy which has come into force from 15th November, 1971 is expected to yield a revenue of about Rs. 10 crores in a full year and of about Rs. 3.75 crores in the current year for being utilised on the relief of the Bangla Desh refugees. In order that the poorer section of the society is not burdened with this levy, post cards have been kept out of its purview. Similarly, the tax will not be levied on 'registered newspapers" transmitted by post Keeping in view the concession in respect of postage available to our Defence forces, exemption from tax has also been allowed on the transmission of forces letters, green envelopes and money orders upto Rs 30/- per month by Defence Services, by issue of a notification under section 4 of the Ordinance. This tax will be collected by the postal authorities along with the postage, fees or other charges payable in respect of postal articles. As such no difficulty is likely to be experienced in the matter of collection of this tax.

It became necessary to impose this levy through an Ordinance for the following reasons Parliament was not then in session. Action had to be taken immediately to raise maximum resources. Steps were to be taken to make the special stamps available to the general public before the 15th November, 1971, the date on which the levy was due to commence. It was also necessary to make all other administrative arrangements for the collection of the tax before the said date. The date of effect of the levy had to be kept as 15th November, 1971 as preparatory steps referred to above were necessary to avoid inconvenience to the public.

*Moved with the recommendation of the President,

[Shri K. R. Ganesh]

**15.00 hrs.**

I commend the present Bill which seeks to replace the above Ordinance. As the objective underlying the levy is for a very laudable purpose, I request the House to unanimously accept the Bill.

MR. DEPUTY-SPEAKER : Motion moved :

> "This House disapproves of the Tax on Postal Article Ordinance, 1971 (Ordinance No. 18 of 1971) promulgated by the President on 22nd October, 1971" ;
>
> "That the Bill to provide for the levy of a tax on certain postal articles, be taken into consideration."

*SHRI T. S. LAKSHMANAN (Sriperumpudur) : Mr. Deputy Speaker, Sir, as a Member elected from Sriperumudur Constituency in Tamil Nadu, this is the first time I participate in a discussion of this House and I am thankful to you for giving me an opportunity to participate in the Debate on the Bill to provide for the levy of a tax on certain postal articles.

Just now, the House passed the Railway Passenger fare bill, which is certainly going to affect the poor travelling public in III class. It is estimated that from the three Ordinances involving taxation proposals promulgated by the President during the inter-session, the Government would be able to raise a sum of Rs. 70 crores. It is not known what would be the amount of revenue from the taxes on postal articles. It is also not clear whether these taxes will be for a temporary period or on a permanent basis.

Nobody in this House can deny the fact that by the imposition of tax on inland letters, covers and money-orders the poor people will be hard hit. On one side the railway fare is going up. The prices of newspapers have gone up. The stamp duty has been raised. The prices of essential commodities also are going up steeply.

Besides the Central Government, the Governors of different States have issued ordinances involving taxation proposals. It is accepted that the revenue raised through these sources will be utilised to give relief and succour to the millions of Bangla Desh refugees. But, at the same time, if the Central Government makes an earnest endeavour to reduce its administrative expenditure, this amout of Rs. 70 crores could be easily raised without taking recource to taxes affecting the common people.

For example, in the Delhi circle alone, several lakhs of rupees remain outstanding as telephone tariff arrears. If you see all over the country, then this may run to some crores of rupees. Secondly, the Government could easily have raised the premium rate of Postal Life Insurance to the level of premium rate charged by the Life Insurance Corporation. At the moment the Postal Life premium is very much loss. Thirdly, instead of raising the price of inland letters and covers, the Government could have raised the postal charges in foreign postal rates. This would have yielded the necessary revenue.

I would also refer to another important factor which has not been looked into by the Ministry. The 112th Report of Public Accounts Committee has stated as follows :

The postal branch suffered a loss of Rs. 6.16 crores in 1968-69 and Rs. 7.06 in 1969-70. The telegraph branch suffered a loss of Rs. 6.71 crores in 1968-69 and Rs. 6.86 crores in 1969-70. Even after raising the postal and telegraph tariffs, the postal branch suffered a loss of Rs. 2.72 crores in 1970-71 and Rs. 7.16 crores loss was suffered by the Telegraph Department. As on 1.10.1969 the arrears of telephone revenue was Rs. 3.22 crores and Rs. 6.78 crores was outstanding on 1.7.1970 as arrears of telephone revenue. Out of the total arrears of telephone revenue, 50% is to be paid by the Government Departments. I need not say that there are malpractises in the postal department and it is not working satisfactory. I do not know the steps taken by the Ministry to set right the Posts and Telegraphs Department. If they had taken adequate steps to root out the deficiencies, naturally such heavy losses could have been averted. If the telephone charges were being collected on time- there would have been no necessity for this levy now. I do not know the arrears of telephone revenue as on 1.7.71. But, if the sum of Rs. 6.78 crores as outstanding on 1.7.70 had been

*The original speech was delivered in Tamil.

collected, the present levy would have become unnecessary.

I would urge upon the Ministry that at least now they should adopt remedial measures so that there will be no need for levying new taxes in the coming year. Here, I would like to point out that the cultivator who goes to work when the cock crows and returns home when the owl hoots in the night pays all his dues to the authorities. But the dues of the Government are not paid by only a handful of rich people. It should not be difficult for the Government to take action against these people and collect the dues from them.

In the end, I would like to appeal to the Minister that the tax on inland letters and cover should at least be withdrawn so that the poor people are not unduly harassed by this new levy.

With these few words, I conclude.

SHRI S. N. MISRA (Kannauj) : Sir, the first difficulty I find in regard to this Bill is this. It has been stated in the House itself that the refugee problem is a temporary phase for the country. I would therefore expect that the Central Government should have made it clear that the present legislation was intended only as a temporary measure for a period of one year in the first instance and it may be extended further for a period of two years if necessary. But from the fact that this has not been mentioned in the Bill, it appears that the refugee problem will be a permanent feature for the country.

The second difficulty is that while all the States and Union Territories in the country are bearing the burden of Bangla Desh refugees, one part of the country, *i.e*, Jammu and Kashmir, has been excluded. This is not compatible with what we call equality in respect of all the States. Jammu and Kashmir should equally bear the burden. If these two amendments are made in the Bill, we can certainly support the Bill.

**श्री रामावतार शास्त्री** (पटना) : उपाध्यक्ष महोदय, बगला देश से आये हुए शरणार्थियों की मदद के नाम पर यह बिल पोस्टल आर्टिकल्स पर टैक्स लगाने के लिये पेश किया गया है। इसमें यह बतलाया गया है कि 12 अक्तूबर को राज्यों के राज्यपालों और मुख्य-मंत्रियों का सम्मेलन हुआ था उसमें बंगला देश से आये लगभग एक करोड़ शरणार्थियों की मदद के लिए अतिरिक्त साधन जुटाने का फैसला किया गया। उसी फैसले के मुताबिक डाक सामग्रियों पर कर लगाने के अध्यादेश की राष्ट्रपति जी ने घोषणा की। उनकी घोषणा 15 नवम्बर से लागू हुई, जिस दिन से लोक सभा का सत्र प्रारम्भ होने वाला था। इसके पहले जब रेलवे भाड़े में वृद्धि की चर्चा चल रही थी तब बहुतेरे सदस्यों ने यह ठीक ही कहा था कि जब लोक सभा का सत्र तुरन्त ही प्रारम्भ होने वाला था तब इस तरह के आर्डिनेंस की क्या आवश्यकता थी। उसकी कोई आवश्यकता नहीं थी। इस तरह से करने से लोगों की जनतन्त्र पर से आस्था कम होती है और यह संसद एक मखौल बन जायेगी।

जब पहले मंत्री जी बोल रही थीं उन्होंने कहा था कि 12 लाख रुपये प्रत्येक दिन के हिसाब से आमदनी आ रही है सब करों को मिला करके सरकार को अब तक 1 करोड़ रुपये से ज्यादा की राशि मिल चुकी है। मैं कहना चाहता हू कि हम इसको कुछ दिनों के लिये रोक सकते थे। और अगर इस तरह के कानून को लाना ही था तो 15 नवम्बर को सत्र प्रारम्भ होने के बाद इसको ले आ सकते थे। लेकिन ऐसा न करके गलत काम किया गया। इसी लिये हम लोग इसका विरोध करते हैं। आम तौर से मैं सब आर्डिनेंसों के विरुद्ध नहीं हूं, लेकिन यहां आप पूंजीपतियों पर, इजारेदारो पर, चोट करने वाले आर्डिनेंस लाये, न कि ऐसे आर्डिनेंस जिन से आम जनता पर चोट पड़ती हो। इन आर्डिनेंसों से आपने आम जनता पर चोट की, गरीबों पर चोट की, मध्यम वर्ग और निम्न मध्यम वर्ग के लोगों पर चोट की, किसान मजदूरों पर चोट की। इसलिए मैं इस तरीके के विरुद्ध हूं और इस बिल का विरोध करता हूं।

इस आर्डिनेंस के मुताबिक पांच पैसे पंद्रह

[श्री रामावतार शास्त्री]

पैसे वाले अन्तर्देशीय पत्र पर भी बढ़ गए हैं। केवल पोस्ट कार्ड को इससे मुक्त रखा गया है। बाकी तमाम चीजो पर, पोस्टल आर्टिकल्ज पर पाच पैसे बढ़ा दिये गये हैं। जो लिफाफा बीस पैसे मे मिलता था अब उसके पच्चीस पैसे देने पड रहे है। जहाँ तक मेरी जानकारी हैं, पच्चीस पैसे का लिफाफा दुनिया के शायद किसी भी देश मे नही है, इससे बहुत कम कीमत मे मिलता है। लेकिन यहा दाम बढा दिये गये हैं और शायद सरकार समझती होगी कि लिफाफे कुछ बडे-बडे लोग ही इस्तेमाल मे लाते हैं अन्तर्देशीय पत्र बडे-बडे लोग ही इस्तेमाल मे लाते है। शायद मनी आर्डर भी सरकार के विचार से बडे-बडे लोग ही भेजते हैं। लेकिन मैं आपको बतलाना चाहता हू कि करोडो-करोड मजदूर जो कारखानो मे काम करते है, खानो मे काम करते है, वे जो पैसा मुश्किल से बचा पाते है अपनी मजदूरी से से, उसको मनीआर्डर के द्वारा ही भेजते है। सभी लोग पोस्ट कार्ड ही नही लिखते है। बहुत बडी सख्या मे गरीब लोग भी अब लिफाफो का इस्तेमाल करने लग गए है, अन्तर्देशीय पत्रो का इस्तेमाल करने लग गये है। लेकिन आपने इनकी कीमत को बढा कर उनपर ही बोझा लादा है। इसकी कोई आवश्यकता नही थी। इसमे कोई सन्देह नही है कि आपको शरणार्थियो की समस्या हल करने के लिए उनकी मदद करने के लिए पैसे की जरूरत है। लेकिन उसके लिये दूसरे रास्ते ढूढ जाने चाहिए थे। ऐसा न करके आपने आम जनता पर टैक्स लगाना ही मुनासिब समझा है। इस वास्ते हम कहते हैं कि यह कार्रवाई सरकार की जन-विरोधी कार्रवाई है। आप गरीबी हटाने की बात करते हैं, साधारण लोगो को ऊपर उठाने की बात करते है, बडे लोगो को नीचे लाने की बात करते हैं लेकिन मैं आपको बतलाना चाहता हू कि आम लोगो मे यही धारणा फैल रही है कि उन्ही पर बोझा डाला जा रहा है और बडे लोगो को छोडा जा रहा है, उनपर कोई बोझा नही डाला जा रहा है। इस तरह से आप गरीबी नही मिटा सकेंगे, गरीबो को ऊचा नही उठा सकेंगे। इसी अर्थ मे तमाम जगह इसका विरोध हो रहा है। जनता ने इसको पसन्द नही किया है। लेकिन आपने जो यह कहा है कि शरणार्थियो के लिए जो आजादी की लडाई लडते हुए याहियाशाही के जुल्मो का मुकाबला करते हुए हमारे यहा चले आए है, उनके लिए धन की आवश्यकता है, इसके प्रति जनता की हमदर्दी है। लेकिन वह समझती है कि इस तरह से उनपर टैक्स नही लगना चाहिये। लेकिन आपने आम जनता के मर्म-स्थल पर चोट करने की कोशिश की है विस्थापितो के नाम पर। मै चाहता हूँ कि आप बडे लोगो पर कर लगाये। किन लोगो पर लगाये, यह मै आपको बतलाना चाहता हू। अगर आप को टैक्स लगाना था तो आप आयातित शराब पर टैक्स लगा सकते थे। उसपर क्यो नही लगाया गया? इस वास्ते नही लगाया गया कि उसे बडे लोग पीते है और मध्यम और निम्न आय वर्ग के लोग, गरीब किसान, शहरो मे रहने वाले गरीब मजदूर नही पीते है? जिन के पास ज्यादा पैसा है, जो ऐश करते हैं, जो धन का दुरुपयोग करते है, जो मौज मेला करते मे विश्वास करते है, वही इसका इस्तेमाल करते है। उनपर टैक्स लगाना चाहिये था न कि पोस्टल सामग्री पर।

उसी तरह से हमारे देश मे 75 घराने इजारेदारो के है, पूजीपतियो के है। उनकी सैकडो और हजारो कम्पनिया है। उनपर और उनके कैपिटल पर, उनकी पूजी पर आपको सैस लगाना चाहिए था। उनके रिजर्व फड पर सैस लगाते। उनके डिविडेड पर सैस लगाने की कोशिश करते। यह रास्ता था न कि साधारण जनता पर टैक्स लगाने का। आप कम्पनियो का वर्गीकरण कर सकते थे

और वर्गीकरण करके आप सेस लगा सकते थे। अगर आप ऐसा करते तो आपको बहुत पैसा मिल सकता था। अभी जितना पैसा इकट्ठा कर रहे है उससे कई गुना अधिक पैसा आप एकत्र कर सकते थे। विस्थापितों को हम ठीक से रख नहीं पा रहे हैं, उनके रहने का ठीक से इंतजाम नही कर पा रहे हैं, उनके खाने का बंदोबस्त नही कर पा रहे है। अगर आपने इन लोगों पर टैक्स लगाया होता तो ये सब काम आप आसानी से कर सकते थे। धनी किसानों पर टैक्स लगना चाहिए था।

इसी तरह से इनकम टैक्स का पांच अरब रुपया आज भी बकाया पड़ा हुआ है जो वसूल नहीं किया जा रहा है। आप यह रुपया सख्ती करके वसूल कर सकते थे। छः अरब रुपया ऐसा है जो ब्लैक मनी है। यह वह रुपया है जो लोगों का खून चूस कर पैदा किया गया है, भ्रष्टाचार करके पैदा किया गया है। तरह-तरह की घूसखोरी भी चलती है। बड़े-बड़े मगरमच्छ और जनता के दुश्मन इसको दबाये बैठे हैं। जनता का खून चूसते रहे हैं। इसको आप निकालते। उनसे आप लेते। लेकिन आपने यह नही किया।

आपने जो डाक की सामग्री पर कर लगाया है इसमें बहुत सा हिस्सा आपके गवर्नमेंट डिपार्टमेंट्स का भी हैं। गवर्नमेंट डिपार्टमेंट्स से पैसा इसके द्वारा फाइनेंस डिपार्टमेंट के पास जाएगा। क्या आपने अन्दाजा लगाया है कि गवर्नमेंट के प्रत्येक विभाग से कितना रुपया आपको मिलेगा और आम जनता से आपको कितना मिलेगा ?

इन सब बातों को देखते हुए अगर आप सही मानों में शरणार्थियों की मदद करना चाहते हैं—हम भी मदद करना चाहते हैं, पूरा देश इस मामले में एक है, कोई मतभेद नही है—तो आप उन लोगों पर जिनकी हमने चर्चा की है, टैक्स लगायें और गरीबों पर टैक्स न लगायें। अब तो आम जनता के दिमाग में यह गलत भावना फैलने लगी है कि ये विस्थापित कहां से चले आए हैं कि हमारे ऊपर ही टैक्स लगने शुरू हो गए हैं। इस तरह की बातें लोग कभी-कभी बोलते हैं। कहते हैं कि यह क्या हुआ, हम तो मदद करना चाहते है लेकिन हमारे ही ऊपर टैक्स लग गया है विस्थापितों के नाम पर। इस प्रकार की भावना फैलने नहीं देना चाहिए, इस भावना का प्रचार और प्रसार न हो, इसको आपको देखना चाहिये। यह तभी होगा जब आप ऐसे लोगों पर टैक्स लगाना बन्द कर देंगे जो देने की स्थिति में नहीं हैं। जो बड़े-बड़े इजारेदार है, जो पूंजीपति हैं, जो टैक्सों का रुपया पचाए हुए हैं, ब्लैक मनी रखे हुए है, ऐसे लोगों पर आप टैक्स लगाये।

उपाध्यक्ष महोदय, हम इस बिल का विरोध कर रहे हैं और प्रार्थना करते हैं कि इसको वापिस ले लिया जाए—और बड़े लोगों पर टैक्स लगाने वाला बिल सदन के इसी सत्र में लाया जाए और मुझे पूर्ण विश्वास है कि उसका सम्पूर्ण सदन एक मत से समर्थन करेगा और हमारे देश पर भी जो खतरा है, जिसका हमें मुकाबला करना है, उस खतरे के खिलाफ लड़ने में जनता में उत्साह पैदा होगा। आम जनता की जेब पर हमला करके उसमें आप उत्साह पैदा नहीं कर सकते हैं। आप आम जनता को अपने साथ लेना चाहते हैं तो उसकी दिक्कतों को आप समझें और उस पर अतिरिक्त बोझा न डालें और जो लोग देने की स्थिति से है, उन पर ही बोझा डालें।

इन शब्दों के साथ मैं इस बिल का जोरदार विरोध करता हूँ और निवेदन करता हूँ कि इसको मंत्री महोदय वापिस ले लें।

**श्री रामकंवर** (टोंक) : आर्डिनेंस के द्वारा सरकार ने जो सत्तर करोड़ का टैक्स शरणार्थियों के खर्च को वहन करने का हवाला दे कर लगाया है और जिस की अब वह लोक

[श्री राम कंवर]

सभा से स्वीकृति लेने हेतु यहां एक बिल लाई है, मैं उसका विरोध करता हूं। यह आश्चर्य-जनक बात है कि एक ओर राष्ट्रपति ने इसी संसद की बैठक बुलाई और दूसरी ओर इसी अवधि मे इन सत्तर करोड के टैक्सो के अध्या-देश जारी कर दिये गये और जनता पर इन टैक्सो का बोझा लाद दिया गया। यह इस बात का द्योतक है कि सत्तारूढ दल और उसके नेता का इस सदन पर और जन-प्रतिनिधियो पर विश्वास उठता जा रहा है। इसी कारण से मैं निवेदन करना चाहता हू कि पग पग पर उसे दरकिनार करने का प्रयास किया जा रहा है। अगर यह टैक्स इसी सदन मे सरकार एक संशोधित बजट के द्वारा लाती तो इस पद्रह दिन के भीतर कुछ बिगड़ नही जाता, कोई आफत का पहाड़ तो सरकार पर गिर नही जाता। यह तो सर्वविदित है कि सत्तारूढ दल को पूर्ण बहुमत इस सदन मे प्राप्त है।

जहां तक शरणार्थी समस्या का सम्बन्ध है, यह अचानक तो पैदा नही हो गई है। पिछले बजट मे ही जहा अरबो रुपये के टैक्स लगाए गए वहा इसे क्यो छोड़ दिया गया? चू कि इसको तब छोड़ दिया गया इस वास्ते यह इस बात को प्रमाणित करता है कि सरकार अदूरदर्शी है।

यह जो पाच पैसे वाला टिकट लगाने वाला मामला है, यह बड़ा आपत्तिजनक है क्योंकि गांवो के अनपढ और भोले-भाले गरीब लोग इससे बड़ी भारी कठिनाई का अनुभव करेंगे। पाच पैसे बगला देश वाला टिकट अलग से लगाना होगा, इस चीज को ग्रामीण जनता और अनपढ़ लोगो के लिए समझना बडा मुश्किल होगा। अगर सरकार को यह टैक्स लगाना ही था तो टिकटो की कीमत ही वह बढ़ा देती तो मैं समझता हू कि उनको अलग से खास टिकट खरीदने की जरूरत न पड़ती।

सरकार ने इशारा किया है कि बगला देश की समस्या हल हो जाने के बाद इस प्रकार की जो टिकटें है, इनको वह वापिस ले लेगी और यह टैक्स नही रहेगा। लेकिन मैं इस चीज की कोई उम्मीद नही रखता हूं। इसका कारण यह है कि कितनी ही बार राजस्थान मे अकाल घोषित कर दिये जाने के बाद और किसानो का लगान माफ कर दिये जाने के बाद भी उसको वसूल कर लिया गया है। इसलिए पांच पैसे का टिकट अलग से लगाने का जो प्रावधान किया जा रहा है, उसका मैं सख्त विरोध करता हू।

**श्री रामदेव सिंह** (महाराजगज) : आर्डि-नेंस के माध्यम से जो पोस्टल आर्टिकल्स की कीमत मे वृद्धि की गई है, उसका मैं विरोध करता हू। जैसा कि पूर्व वक्ताओ ने बताया है, लगता यह है कि सत्तारूढ दल का इस सदन पर से तथा जन-प्रतिनिधियो पर से विश्वास उठता जा रहा है।

